# कोठी में रनेही मोड़ पर बेकाबू ट्रक ने पूर्व सरपंच को 50 मीटर तक घसीटा, मौके पर ही दर्दनाक मौत

**सतना।** जिले के सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर सोमवार सुबह मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक खौफनाक मंजर देखने को मिला। रफ्तार के कहर ने एक हँसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। कोठी थाना क्षेत्र के रनेही मोड़ के पास एक बेकाबू ट्रक ने मनकहरी गांव के पूर्व सरपंच अनूप सिंह 50 वर्ष को न सिर्फ कुचला,बल्कि उन्हें करीब 50मीटर तक सड़क पर घसीटता हुआ ले गया।टायर में फंसने के कारण पूर्व सरपंच का शरीर क्षत-विक्षत हो गया और उनकी मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई।

### शेविंग कराकर घर लौट रहे थे अनूप सिंह

मिली जानकारी के अनुसार,अनूप सिंह सुबह के वक्त पास के एक सैलून से शेविंग कराकर पैदल ही अपने घर की ओर लौट रहे थे। वे सड़क किनारे चल रहे थे,तभी चित्रकूट की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।चश्मदीदों का कहना है कि टक्कर इतनी भीषण थी कि अनूप सिंह ट्रक के पिछले पहिए में फंस गए।






### ड्राइवर की हैवानियत,रुकने के बजाय बढ़ा दी रफ्तार

हादसे के बाद संवेदनहीनता की पराकाष्ठा तब देखने को मिली,जब ड्राइवर ने ट्रकरोकने के बजाय भागने की फिराक में गाड़ी की रफ्तार और बढ़ा दी।ट्रक के पिछले टायर में फंसे अनूप सिंह करीब 50मीटर तक डामर की सड़क पर रगड़ते चले गए। राहगीरों ने जब यह खौफनाक मंजर देखा,तो उनके रोंगटे खड़े हो गए। लोगों ने शोर मचाया और ट्रक का पीछा किया,जिसके बाद ड्राइवर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### पुलिस की कार्रवाई और उठते सवाल

घटना की सूचना मिलते ही कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद टायर के नीचे फंसे शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आरोपी ड्राइवर की तलाश जारी है।

### घटना के बाद उठते सवाल

क्या हाईवे पर भारी वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाने वाला कोई नहीं है? रनेही मोड़ जैसे संवेदनशील इलाकों में स्पीड ब्रेकर या पुलिस चेकिंग की व्यवस्था क्यों नहीं है? क्या बेगुनाहों का खून बहने के बाद ही प्रशासन अपनी नींद से जागेगा? यह घटना केवल एक हादसा नहीं,बल्कि उन बेलगाम ट्रक ड्राइवरों की लापरवाही का नतीजा है जो सड़कों को अपनी जागीर समझते हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला कार्यालय में संगठन प्रभारी ठाकुर का जोरदार स्वागत



सतना। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी जीएस ठाकुर के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र के साथ उनका अभिनंदन किया। स्वागत के पश्चात आयोजित संगठनात्मक बैठक में जिले की एक वर्ष की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि कार्यकर्ताओं के समर्पण से सतना जिला प्रदेश के सभी कार्यक्रमों में अग्रणी रहा है।प्रभारी जीएस ठाकुर ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने और आगामी चुनावी रणनीति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पदाधिकारियों को केंद्र व राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समाजसेवी इंद्रसेन जौली ने लिया देहदान का संकल्प, मानवता की पेश की मिसाल



**मैहर।** मानवता और परोपकार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मैहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी इंद्रसेन जौली ने मरणोपरांत देहदान करने का संकल्प लिया है। संस्था 'अमर ज्योति' की प्रेरणा से उन्होंने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया,जिसका औपचारिक संकल्प मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और संयोजक मनोहर डिगवानी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इंद्रसेन जौली ने भावुक होते हुए कहा कि मृत्यु के बाद शरीर मिट्टी में मिल जाता है,लेकिन देहदान से यह मेडिकल छात्रों के शोध और शिक्षा के काम आएगा, जिससे भविष्य के कुशल डॉक्टर तैयार हो सकेंगे। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायी संदेश बताया। इस अवसर पर 'अमर ज्योति' संस्था के पदाधिकारियों सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जौली का यह संकल्प समाज में अंगदान और देहदान के प्रति जागरूकता पैदा करने वाला एक सशक्त उदाहरण बन गया है।

### खनिज और मुरूम के अवैध उत्खान पर रोक लगायें-कलेक्टर

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने जिला खनि अधिकारी को जिले में अवैध रूप से खनिज के उत्खनन,परिवहन और भण्डारण पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये हैं। जिला टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में जिले में रेल, सडक, नहर, पेयजल परियोजनाओं के कार्य विस्तृत रूप से चल रहे है। संबंधित कार्यकारी एजेंसियों द्वारा बिना अनुमति कई स्थानों पर मिट्टी और मुरूम खोदने की शिकायतें मिल रही है। निर्माण विभाग अपनी एजेंसियों को ताकीद करें कि मुरूम और मिट्टी निकालने खनिज विभाग या सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करें। उन्होंने खनि अधिकारियों से कहा कि पर्याप्त सुरक्षा बल के साथ रात्रि में भी भ्रमण कर अवैध रूप से हो रहे खनन को पकड़े। निर्माण एजेंसियां माइनिंग की प्रक्रिया विधिवत रूप से पूरी करते हुए अनुमति प्राप्त कर ही मिट्टी या मुरूम का उत्खनन करेंगी।

## सिस्टम शर्मसार! जिला अस्पताल में स्ट्रेचर नदारद, गोद में मरीज ढोने को मजबूर तीमारदार





**सतना।** यहां का सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल अपनी बदहाली और संवेदनहीनता की नई इबारत लिख रहा है। कहने को तो यह जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है,लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहाँ आने वाले मरीजों को बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं। ताजा मामले ने अस्पताल प्रबंधन के दावों की पोल खोल दी है,जहाँ स्ट्रेचर और व्हीलचेयर न मिलने के कारण परिजन अपने गंभीर रूप से बीमार मरीजों को गोद में उठाकर वार्डों तक ले जाने को मजबूर हैं।

### जिम्मेदार मौन, जनता परेशान

अस्पताल की इस अव्यवस्था पर सीएमएचओ डॉ.मनोज शुक्ला और सिविल सर्जन डॉ.अमर सिंह की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। आखिर करोड़ों के बजट और बड़ी-बड़ी घोषणाओं के बावजूद एक अदद स्ट्रेचर के लिए मरीजों को क्यों भटकना पड़ रहा है? अस्पताल परिसर में तड़पते मरीज और उनके बेबस परिजनों की तस्वीरें सरकारी दावों को चिढ़ा रही हैं।

### अव्यवस्थाओं का बोलबाला

अस्पताल में न केवल उपकरणों की कमी है,बल्कि प्रबंधन का रवैया भी पूरी तरह लापरवाह हो चुका है। आए दिन लोग यहाँ की लचर स्वास्थ्य सेवाओं से परेशान हो रहे हैं,लेकिन प्रशासन गहरी नींद में है। यदि जल्द ही इन अव्यवस्थाओं को सुधारा नहीं गया,तो जिला अस्पताल केवल 'रैफरल सेंटर' बनकर रह जाएगा।

## अधिवक्ता की हत्या पर मैहर में उबाल, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग

**मैहर।** शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की निर्मम हत्या के मामले ने पूरे प्रदेश के कानूनी जगत को झकझोर कर रख दिया है।इस घटना के विरोध में मैहर के अधिवक्ता समुदाय में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। सोमवार को मैहर बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने लामबंद होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश में सुरक्षित कार्य वातावरण की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया कि प्रदेश में कानून के रखवालों पर बढ़ते हमले बेहद चिंताजनक हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि संजय सक्सेना के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाकर कठोरतम सजा दी जाए। अधिवक्ताओं ने जोर देकर कहा कि जब तक राज्य में ' एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' लागू नहीं होता,तब तक वकील खुद को असुरक्षित महसूस करते रहेंगे।



### न्याय के स्तंभ पर हमला बर्दाश्त नहीं

विरोध प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन पर हमला सीधे तौर पर लोक तांत्रिक व्यवस्था और कानून की मर्यादा को चुनौती देना है। इस दौरान एडवोकेट बालेंद्र सिंह,बार अध्यक्ष अनिल शुक्ला,जिला अध्यक्ष राजेश गौतम,उपाध्यक्ष शिवनारायण तिवारी और सचिव अर्जुन सिंह सहित सैकड़ों वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने सुरक्षा के ठोस कदम नहीं उठाए,तो जल्द ही एक उग्र प्रदेशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।



### रुद्र महायज्ञ का भव्य समापन, लाखों भक्तों ने पाया महाप्रसाद

**सतना।** शिवराजपुर में 12 दिवसीय 22वें वार्षिक महोत्सव की पूर्णाहुति महारुद्राभिषेक और हवन-पूजन के साथ संपन्न हुई। आयोजन में बागेश्वर धाम सरकार,शंकराचार्य सदानंद सरस्वती और जगद्गुरु राम भद्राचार्य जैसी महान विभूतियों का सानिध्य मिला। आयोजक पंडित रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने बताया कि 6 माह की तैयारी और कठिन परिश्रम से यह आयोजन सफल रहा। विशाल भंडारे में लाखों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। अंत में श्री त्रिपाठी,चंद्रशेखर त्रिपाठी और गोविंदा गर्ग ने सभी सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

## मैहर के ग्रामीण इलाकों में हाथियों की दस्तक, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट



**मैहर।** मैहर जिले के वन क्षेत्रों और उससे सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों के एक दल के प्रवेश से हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। वन विभाग ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि शहडोल उत्तर वन मंडल से निकलकर दो हाथियों का एक दल मैहर वन क्षेत्र में दाखिल हुआ है। हाथियों की मौजूदगी की खबर फैलते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### सुरक्षा के लिए बिजली आपूर्ति बंद

हाथियों की लोकेशन फिलहाल रामनगर तहसील के ग्राम भैंसरा,मनकेश्वर और सरिया के आसपास पाई गई है। किसी भी अप्रिय घटना या करंट लगने जैसी दुर्घटना को रोकने के लिए वन विभाग के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से काट दी गई है।वन विभाग की विशेष टीम और स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर मुस्तैद है और हाथियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रख रहा है।

### जीपीएस से हो रही मॉनिटरिंग

वन अधिकारियों के अनुसार,दल के एक हाथी पर जीपीएस ट्रैकर लगा हुआ है,जिससे उनकी सटीक स्थिति का पता लगाया जा रहा है। विशेषज्ञों की टीम यह कोशिश कर रही है कि हाथियों को बिना किसी नुकसान के आबादी वाले क्षेत्र से हटाकर सुरक्षित घने जंगल की ओर मोड़ा जा सके। प्रशासन ने ग्रामीणों को सख्त हिदायत दी है कि वे शाम के बाद खेतों या जंगल की ओर न जाएं और हाथियों को देखने के लिए भीड़ न लगाएं। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचित करने की अपील की गई है।

## आरपीएफ-जीआरपी और रीवा कैरिज वैगन ने जीते अपने मुकाबले

**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल प्रतियोगिता में खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। टूर्नामेंट के मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि आज खेले गए मुकाबलों में आरपीएफ प्लस जीआरपी और रीवा कैरिज वैगन की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में जगह बनाई।




**आरपीएफ प्लस जीआरपी बनाम स्टेशन 11**

पहले मैच में आरपीएफ प्लस जीआरपी ने भवानी (61) और कार्तिक (43) की पारियों की मदद से 162 रन बनाए। जवाब में स्टेशन 11 की टीम 107 रनों पर सिमट गई। सुधीर पांडे को 5 विकेट चटकाने के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।रीवा कैरिज वैगन बनाम टीआरडी दूसरे मुकाबले में रीवा कैरिज वैगन ने 99 रन बनाए,जिसके जवाब में टीआरडी की टीम मात्र 51 रनों पर ढेर हो गई। शुभम अवस्थी को 3 विकेट लेने पर 'मैन ऑफ द मैच' दिया गया।

रीवा कैरिज वैगन बनाम स्टेशन 11

तीसरे मैच में स्टेशन 11 ने 135 रन बनाए,जिसे रीवा कैरिज वैगन ने अंकित के शानदार 57 रनों की बदौलत 14 वें ओवर में ही हासिल कर लिया। कल के लीग मुकाबलों में लोको बनाम उचेहरा-मैहर एकादश और इंजीनियरिंग बनाम मां शारदा क्लब के बीच भिड़ंत होगी।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 205 मरीजों की हुई जांच



**मैहर।** ग्राम खेरवासानी रंगमंच में सोमवार को आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ने जनसेवा का नया उदाहरण प्रस्तुत किया।शिविर का आयोजन डॉ.रश्मि सिंह एवं डॉ.अरुणेन्द्र सिंह द्वारा किया गया, जिसमें नेत्र,दंत एवं चर्म रोग से पीड़ित लोगों को निःशुल्क जांच,परामर्श एवं उपचार की सुविधा दी गई। शिविर में कुल 205 मरीजों ने पंजीयन कराकर लाभ लिया। और लगभग 25 मरीजों का निःशुल्क मोतिया बिंद का ऑपरेशन कर लाभ दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएँ,बुजुर्ग एवं श्रमिक वर्ग के लोग शिविर में पहुँचे। डॉ उत्तम त्रिपाठी द्वारा नेत्र शिविर में आँखों की जाँच,मोतियाबिंद से संबंधित परामर्श कराए गए। दंत शिविर में निःशुल्क दाँतों की जाँच,हिलते दाँत निकालने की सुविधा दी गई। चर्म रोग शिविर में त्वचा रोगों, एलर्जी, खुजली,फंगल संक्रमण एवं अन्य समस्याओं का निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में निःशुल्क बीपी जांच की सुविधा भी दी गई,जिससे कई मरीजों में उच्च रक्तचाप की समय रहते पहचान हो सकी। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे शिविर उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं,क्योंकि महंगे इलाज के कारण वे समय पर उपचार नहीं करा पाते। डॉ.रश्मि सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल शहरों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र के हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचना हमारा उद्देश्य है।

## मैहर के खेल मैदान में हुआ जन-समस्याओं का त्वरित निराकरण

**मैहर। आम जनता को शासकीय कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से मैहर नगर पालिका परिषद द्वारा "संकल्प समाधान अभियान" की शुरुआत की गई है।**



इसी क्रम में 16 फरवरी को स्थानीय खेल मैदान में एक विशाल जन-समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया,जहाँ नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस शिविर में नगरपालिका प्रशासन ने विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए थे। मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा पेंशन,पीएम स्वनिधि योजना,नए नल कनेक्शन,फायर एनओसी और भवन निर्माण अनुमति से संबंधित मामलों को प्रमुखता से सुलझाया गया। कई पात्र हित ग्राहियों को मौके पर ही स्वीकृतिपत्र और प्रमाणपत्र वितरित किए गए,जिससे जनता में उत्साह देखा गया।

### आगामी शिविरों का शेड्यूल

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,सीएमओ सुषमा मिश्रा और जेई शिवनारायण त्रिपाठी सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने जानकारी दी है कि यह अभियान अभी जारी रहेगा। अगला शिविर 18 फरवरी को पुनः खेल मैदान में आयोजित होगा। इसके उपरांत 23और 25 फरवरी को नगर पालिका परिषद के प्रांगण में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। नगर पालिका ने अपील की है कि जिन नागरिकों के आवेदन लंबित हैं या जो नई योजनाओं का लाभ लेना चाहते हैं,वे इन तिथियों पर उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

## खबर संक्षेप

### मिट्टी की सेहत सुधारना, समय की मांग - रीतेश बगोरा



**पन्ना।** किसान पाठशाला का आयोजन ग्राम पल्थरा में शिव सिंह के खेत में लगाई गई। शिव सिंह की परम्परागत खेती एवं जेविक खाद के उपयोग से खेती एवं मिटटी में आये सुधार पर वैज्ञानिको ने चर्चा किया। अजयगढ़ एवं पन्ना से लगभग 60 किसान पन्न जनपद के पल्थरा गांव पहुचकर परम्परागत खेती एवं देशी बीजो की जानकारी ली। आज का कार्यक्र म समर्थन संस्था ने रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग से आयोजित किया गया। आत्मनिभर गांव की नीव 2016 में समर्थन संस्था एवं सामुदाय ने मिलकर घरातल पर मानचित्र तैयार किया जो आज भी कागज में तैयार। शशि सिंह जल मित्र ने सभी को जानकारी दी संकटग्रस्त जमीन कैसे उपजाउ हुई और ग्राम सभा से कैसे विकास संभव हुआ यह वात भी वताया। समर्थन से ज्ञानेद्र तिवारी ने विकास के लिये गांव का श्विजन ११ दस्तावेज बनाना आवश्यक है जो गांव के लिये बंचमार्क होता है। टीमलीडर अजयगढ आशीष कुमार झा ने कहा की विकास सामुदायिक प्रयास से ही संभव है। शीमानिंगरिंग भी हो सकती है। ट्रीम से कपूरस ह,सुग्रीव,उमेश,रोहिणी एवं शिखा नवनीत ने किसानो को सीखने की प्रक्रिया मे सहयोग किया।

### महादेव पर्व पर कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध



**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष भी जिला प्रशासन के सहयोग से स्थानीय जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर महादेव पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों के दल द्वारा भगवान शिव की कला अभिव्यक्तियों पर केन्द्रित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समा बांधा और उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध किया। श्रद्धालुओं और दर्शकों को कार्यक्रम में भगवान शिव की विभिन्न लीलाओं की सजीव झलक देखने को मिली। महादेव पर्व में बड़ी संख्या में उपस्थितजनों ने ताली बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। गत रविवार की रात्रि आयोजित हुए महादेव पर्व के कार्यक्रम में डिंडोरी के लेखपाल धुर्वे एवं दल द्वारा गोंड जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य, ओडिसा के अभिजीत दास एवं साथी कलाकारों द्वारा सिंगारी नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं, जबकि सिवनी के रूद्रकांत ठाकुर एवं साथी कलाकारों ने भक्ति गायन प्रस्तुत किया। मथुरा के माधव आचार्य के निर्देशन में नृत्य नाटिका शिव पुराण का मंचन किया गया। कार्यक्रम में आए कलाकारों का सम्मान किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त सीईओ एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेश श्रीवास्तव सौरभ द्वारा किया गया।

### भतीजे ने चाचा पर डंडे से किया हमला, मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 पतारा मोहल्ला में पारिवारिक विवाद के चलते एक बुजुर्ग पर डंडे से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगमोहन तिवारी (65 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 01 पतारा मोहल्ला, अमानगंज ने अपने पुत्र संतोष तिवारी के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी 2026 की रात्रि लगभग 10 बजे वे अपने घर के सामने बनी लेटरिन में गए थे। उसी दौरान उनका भतीजा देवेन्द्र तिवारी पिता रघुनाथ तिवारी वहां पहुंचा और उन्हें मां-बहन की गालियां देने लगा। जगमोहन तिवारी ने जब गाली देने से मना किया तो आरोप है कि देवेन्द्र तिवारी ने पास में पड़ा डंडा उठाकर उनके सिर पर वार कर दिया। डंडा सिर के दाहिनी ओर लगने से खून निकलने लगा। शोर सुनकर उनका पुत्र संतोष तिवारी एवं बहू रक्षा तिवारी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। फरियादी के अनुसार जाते समय आरोपी ने जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

## अमानगंज नगर और क्षेत्र में हर्षोल्लास के बीच मनाई गई महाशिवरात्रि

# बालाजी सरकार मंदिर से निकाली गई विशाल शोभायात्रा



### शोभा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, और आरती भगवान भोलेनाथ के अनेक रूप देख भक्तों में बरसा उत्साह और आनंद

**अमानगंज**

हिंदू सनातन संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में से एक महाशिवरात्रि पर्व गत वर्षो की भांति इस वर्ष से भी पूरे उत्साह के साथ स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर भक्तों द्वारा पूर्ण उत्साह के फोटो मनाया गया भक्तों ने शिव जी का आकर्षक पूजा पाठ आज प्रातः काल से ही अपने घरों से लेकर मंदिरों तक आरंभ कर दिया। नगर के प्रमुख देव स्थल श्री श्री 1008 श्री बालाजी सरकार मंदिर में बाबा भोलेनाथ की विशाल शोभा यात्रा उनकी बारात पूर्ण उत्साह के बीच आज निकाली गईं मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा थाना तिराहा अस्पताल चौराहा मटकी चौराहा तिबारी मोहल्ला गुन्नों रोड से होते हुए भगत सिंह चौराहा गांधी चौक दुबे मोहल्ला, मां ज्वाला के दरबार से होते हुए सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से शोभा यात्रा को निकाला गया जहां घर-घर बाबा भोलेनाथ की आरती पूजा और प्रसाद वितरण का आयोजन भक्तों द्वारा पूर्ण उत्साह के साथ किया गया नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्वामी विवेकानंद बस स्टैंड में सभी व्यापारियों द्वारा एक साथ संयुक्त रूप से शुभ यात्रा बारातीयो का स्वागत करते हुए नाना प्रकार का प्रसाद भक्तों के बीच वितरण किया गया और जगह-जगह आरती भक्तों द्वारा उतारी गई भगवान भोलेनाथ से आकर्षक सुंदर गीतों के बीच नगर के नन्हे मुन्ने भक्तगण और बच्चे नाचते नजर आए और बाबा भोलेनाथ के जयकारे लगाते देखे गए। आज शोभा यात्रा में भगवान शिव जी के तीन अलग-अलग रूप नवयुवक बालाजी धर्मार्थ समिति द्वारा तैयार किए गए जो अत्यंत आकर्षक और सुंदर नजर आए शिवजी के साथ उनके नदीगन नाना प्रकार के देवता बारातीयो के रूप में शामिल रहे शोभा यात्रा नगर के प्रत्येक वार्डो से निकाली गई जहां बाबा भोले भक्तों ने पूजा आरती कर अपनी अपनी फरियाद बाबा भोले के चरणों में रखी।

### ठाकुर बाबा मंदिर में कन्या भोज के दौरान मधुमक्खियों ने किया हमला, 8 बच्चे-2 बालिकाएं और एक महिला घायल

#### महा शिवरात्रि भंडारे के दौरान मधुमक्खियों का हमला, 8 बच्चों समेत 11 घायल



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र के लोलाश ग्राम पंचायत स्थित ठाकुर बाबा मंदिर में महा शिवरात्रि के दूसरे दिन भंडारे के दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घटना में 8 बच्चे और 3 अन्य लोग घायल हुए। जानकारी के अनुसार, घटना के समय मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में बच्चे, बालिकाएं और महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर रही थीं। अचानक मधुमक्खियों का झुंड भड़क गया और लोग चीख-पुकार करने लगे। स्थानीय ग्रामीणों ने कंबल और अन्य साधनों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अजयगढ़ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां गंभीर घायलों को जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी की स्थिति अब खतरे से बाहर है।

#### घायलों में मुख्य रूप से शामिल हैं

आरुषि 5 वर्ष, आयुष 5 वर्ष, आराध्या 3 वर्ष, क्रांति 9 वर्ष, इशांक 7 वर्ष, रिया 5 वर्ष, रिया 3 वर्ष, सुशांक 6 वर्ष, धर्मबति 18 वर्ष, उमा 18 वर्ष, मुन्नी अहिरवार 45 वर्ष, महिला शामिल रहे। जहां मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की तत्परता से बड़ी दुर्घटना टली।

## शिवपुरी में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर पवई में सौंपा ज्ञापन



**पवई।**

अधिवक्ता संघ पवई द्वारा सोमवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी पवई के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि करेरा जिला शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी 2026 को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना की प्रदेशभर के अधिवक्ता समुदाय ने कड़ी निंदा करते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा 15 फरवरी 2026 को आयोजित विशेष सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव क्रमांक 3/विशेष/2026 पारित कर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों के विरोध में सुरक्षा कानून लागू करने की मांग दोहराई गई। अधिवक्ता संघ पवई के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार नगायव एवं सचिव एडवोकेट जमुना प्रसाद लोधी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने 16 फरवरी 2026 को न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर प्रतिवाद दिवस मनाया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी कानून शीघ्र लागू किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन की प्रति माननीय कलेक्टर को भी प्रेषित की गई।

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।**



कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरण व शिकायतों की समीक्षा कर दो दिवस में संतुष्टिपूर्वक समाधान व अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर द्वारा कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के एजेंडा बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा भी की गई। इस संबंध में आगामी 19 फरवरी को मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रस्तावित बैठक के दृष्टिगत संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में निरंतर प्रगति तथा बेहतर रैंक के संबंध में निर्देशित कर कुछ मामलों में निराकरण के लिए वरिष्ठ कार्यालय स्तर से पत्राचार के बावजूद निरंतर समन्वय के लिए कहा गया। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नल-जल स्कीम को एक माह में पूर्ण करने, 108 धरती आबा ग्रामों में आवास योजना के क्रियान्वयन पर फोकस करने, पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत अधिकतम प्रकरणों का निराकरण तथा जिला कौशल समिति की बैठक के शीघ्र आयोजन के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की। साथ ही सुशासन के विभिन्न विषयों पर चर्चा कर ई-ऑफिस के माध्यम से अधिकतम फाइल मूवमेंट के निर्देश दिए। टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के परियोजना निर्माण कार्य स्थलों पर सूचना पटल स्थापित कराने एवं गत धान उपार्जन कार्य की अविलंब शत प्रतिशत पूर्णता सहित विभिन्न विभागों द्वारा कंडम वाहनों की शीघ्र नीलामी की कार्यवाही आरंभ करवाने तथा अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में रिक्त पदों की जानकारी भी तत्काल भेजने के लिए कहा। कलेक्टर ने मुख्य डाकघर पन्ना के निकट नगर पालिका परिषद पन्ना एवं जनपद पंचायत पन्ना के नवीन भवन निर्माण के लिए आवंटित भूमि और भवन निर्माण की कार्ययोजना के बारे में पूछा। साथ ही आवासहीन व्यक्तियों को पन्ना नगरीय क्षेत्र में काष्ठागार के निकट आवंटित भूमि पर लेआउट बनवाने तथा जिले के अन्य 6 नगरीय निकायों में भी पीएम आवास के लिए सीएमओ एवं तहसीलदार को संयुक्त भ्रमण कर स्थल चिन्हांकन के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी भी उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

# सुबह से ही मंदिरों में लगी लंबी-लंबी कतारें

### जिले भर में धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रमों का आयोजन

**पवई।**



महाशिवरात्रि पर्व पर देश प्रदेश के साथ-साथ पन्ना जिले के शिव मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह 4:00 बजे से ही श्रद्धालु गंगाजल लेकर शिव मंदिरों में जल अर्पित करने पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही जिले भर में लोगों के द्वारा मंदिरों एवं अपने-अपने घरों में धार्मिक कार्यक्रम पूजा अनुष्ठान आदि का आयोजन भी किया जा रहा है। पवई में बाबा कैलाशी, औगड़दानी बाबा बिरसिंहपुर और डाहीखेरा के भूमिश्वर महादेव में भक्तों की भीड़ भोले को पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रही है। वहीं जनपद पंचायत पवई परिसर में विराजमान जनपदेश्वर महादेव मंदिर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय द्वारा पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना की,इसके साथ ही नगर के प्रख्यात डॉक्टर धनराज सिंह भदोरिया के निवास पर भी शिवार्चन का आयोजन किया गया था पश्चात कन्या भोज एवं भंडारे भी संपन्न हुआ। पौराणिक कथाओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव के लिंग रूप में प्रकट होने, माता पार्वती के साथ विवाह और समुद्र मंथन के दौरान विषपान करके सृष्टि बचाने की घटनाएं को जोड़ा गया है। शिव पुराण के अनुसार फाल्गुन माह की कृष्ण चतुर्दशी की रात को भगवान सदाशिव अपने अनादि अनंत शिवलिंग के रूप में प्रकट हुए थे जिससे ब्रह्म और विष्णु ने पूजा करके महाशिवरात्रि कहा था। वही आज ही के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था जो शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीक है।महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व अज्ञानता के अंधकार को मिटाने और दिव्य चेतना से जुड़ने का पर्व भी माना जाता है जहां आत्मा परमात्मा शिव के साथ एक जाकर होती है।

## अल्प प्रवास पर अमानगंज पहुंचे पूर्व मंत्री विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिहं बुदेला



**पवई।**

मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह बुदेला अमानगंज पहुंचे तो अमानगंज मंडल अध्यक्ष भाजपा डॉ प्रशांत चतुर्वेदी के नेतृत्व मै सभी भाजपा कार्यकर्त्ता ने माला पहनाकर स्वागत किया उसके बाद सभी कार्यकर्ता अमानगंज नगर में कुछ दिनों पहले जो विवाहिक कार्यक्रम हुए थे तो पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा लल्लू लाल रावत,ओर राजेंद्र राजा के घर जाकर विवाहिक जीवन में प्रवेश होने पर बधाई शुभकामनाएं दी उसके बाद भाजपा कार्यकर्ता स्वर्गीय मुन्ना गुप्ता जी के घर जाकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की साथ मै भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी जिला सह कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह परमार, अरविंद दुबे, मुकेश चौबे,आनंद सिंह राजपूत, प्रेमनारायण शर्मा, शिव व्रत शिवा जी राजा, राजेंद्र राजपूत,एवम समस्त कार्यक्रम उपस्थित रहे।

## ईको कार की टक्कर से दो युवक घायल, मामला दर्ज

**अमानगंज-** पवई मार्ग पर सप्पैया मोड़ के पास बीती रात एक सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अभिषेक सिंह गौड़ (29) निवासी ग्राम महेड़ा, थाना पवई, जिला पन्ना ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार 14 फरवरी 2026 की रात लगभग 9रू30 बजे अभिषेक सिंह गौड़ अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक डच 35 डळ 1809 से अमानगंज से अपने घर महेड़ा जा रहे थे। मोटरसाइकिल वे स्वयं चला रहे थे और पीछे उनके साथी राहुल गुप्ता निवासी पवई बैठे थे। सप्पैया मोड़ पर दोनों मोटरसाइकिल खड़ी कर सड़क किनारे खड़े थे, तभी पवई की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक ईको कार क्रमांक डच 34 ब 5307 के चालक ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में अभिषेक के दाहिने हाथ की कलाई व कंधे में चोट आई, जबकि राहुल गुप्ता के दाहिने पैर की पिंडली एवं सिर में गंभीर चोट आई। राहुल के सिर से खून निकलने लगा। बताया गया कि कार चालक मौके पर ही वाहन खड़ा कर दिया था। घटना के बाद अभिषेक ने अपने परिचित दुर्ग सिंह और राज उपाध्याय को फोन कर बुलाया। अभिषेक को शासकीय अस्पताल अमानगंज में भर्ती कराया गया, जबकि राहुल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उपचार के लिए जबलपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 281, 125(ए) एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिवजी पर चढ़ाये बुराई रूपी अक, धतूरा -अंधकार को मिटाकर ज्ञान की आत्म ज्योति जगाएं ब्रह्माकुमारी

### 90 वीं महाशिवरात्रि के उपलक्ष में 90 दीपक विशिष्ट अतिथियों के द्वारा प्रज्वलित किए गए

**पन्ना।**



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही आध्यात्मिक रीति के साथ मनाया गया सुबह शिवजी की पूजा अर्चना के उपरांत शिव ध्वजारोहण किया गया। ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का पर्व विशेष पर्व है विश्व की सभी महान विभूतियों के जन्म उत्सव मनाए जाते हैं लेकिन परमात्मा शिव की जयंती को जन्मदिन ना कह कर शिवरात्रि कहा जाता है आखिर क्यों, इसका भावार्थ है परमात्मा जन्म मरण से न्यारे उनका किसी महापुरुष या देवताओं की तरह शारीरिक जन्म नहीं हुआ, वह अलौकिक जन्म लेकर अवतरित होते हैं उनकी जयंती कर्तव्य वाचक रूप से मनाई जाती है, जब सृष्टि पर अति धर्म गिलानी के समय अत्याचार, पापाचार की अति हो जाती है तब परमात्मा साधारण मानव के तन में प्रवेश करके सृष्टि का परिवर्तन करते हैं। वर्तमान समय कलियुग का अंतिम चरण चल रहा है यह सारा काल,रात्रि ही है हम सभी आत्माओं को यह शुभ संदेश देना चाहते हैं कि अब परमपिता परमात्मा शिव संसार को पवन तथा सुखी बनाने के लिए फिर से प्रजापिता ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर सहज राज योग,ध्यान की शिक्षा दे रहे हैं अतः हम सब का कर्तव्य है कि परमात्मा की आज्ञानुसार हम पवित्रता और शुद्धता का वा संयम नियम का पालन करने का सच्चा सच्चा व्रत लें। आज के दिन भक्तजन शिवजी पर अक, धतूरा, भांग आदि अर्पित करते हैं इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य की जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं गलत आदतें,गलत संस्कार,गलत सोच, गलत कर्म, विषय वासना इन विकारों को शिव जी के आगे अर्पित करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह पन्ना विधायक शिव ध्वजारोहण करने के पश्चात, कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था से अनेक लोग जोड़कर अपना जीवन परिवर्तन कर रहे हैं, मैं यह मानता हूं कि आपके माध्यम से जो भी ज्ञान अर्जित होता है वह हम सभी को एक मार्ग प्रशस्त करता है कि हम आगे कैसे चले आगे कैसे बढ़े। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह पन्ना विधायक, श्रीमती निशा जैन, डॉ पीयूष त्रिपाठी, श्रीमती मंजूलता जैन, उदय भान सिंह, कैलाश सोनी एवं अन्य गणमान्य, लोग, वा विशाल मातृशक्ति की उपस्थित रही। शिवजी की भव्य शोभा यात्रा ब्रह्माकुमारी विद्यालय से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई जिसमें सभी भक्तजन उमंग उत्साह एवं नारे लगाते हुए नजर आए।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**कटनी**। शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से स्वयं पोर्टल पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वयं पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया, उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों तथा उनके महत्व की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में स्वयं पोर्टल प्रभारी डॉ संगीता बासरानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वयं पोर्टल के कोर्स विद्यार्थियों के अध्ययन को समृद्ध बनाते हैं और उन्हें नई-नई जानकारियों से जोड़ते हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर आहार योग, उद्यमिता, सामुदायिक स्वास्थ्य, कंप्यूटर सहित कई सामान्य व व्यावसायिक विषयों से जुड़े पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाकर छात्र अपने ज्ञान और कौशल में वृद्धि कर सकते हैं। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। छात्रों ने स्वयं पोर्टल से जुड़ने में विशेष रुचि दिखाई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल पर पंजीयन करने के लिए प्रेरित किया गया, वत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें।

### कर वसूली के लिए आज लगाये जाएंगे शिविर

**कटनी**। नगर निगम लक्ष्य के अनुरूप राजस्व आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार लगातार वसूली अभियान की समीक्षा कर रहीं हैं और राजस्व अमले को दिशा निर्देश भी दे रहीं हैं। निगमायुक्त के निर्देश पर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राजस्व अधिकारी एवं टीम लगातार डोर टू डोर संपर्क कर बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा करनें हेतु प्रेरित करते हुए करदाताओं से राशि वसूली जाकर निगम कोष में जमा कराई गई। नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर सोमवार 16 फरवरी को शंभू टॉकीज के पास सरावगी सदन एवं सत्यनारायण मंदिर के सामने शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा राजस्व वसूली में गति लाने तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे निगम प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधा का लाभ प्राप्त कर समय पर बकाया करों का भुगतान करें तथा शहर के विकास कार्यों में सहभागी बनें।

### जैविक हाट बाजार से लोगों ने ली ताज़ी हरी सब्जियां

**कटनी**। जैविक कृषि को अपनाने वाले किसानों को उनके उत्पादों को अच्छा बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय के सामने नगर निगम मार्केट में रविवार को लगे जैविक एवं प्राकृतिक हाट-बाजार में साग सब्जियां मटर, ब्रोकली, गोभी, लौकी, भटा, गिलकी, मैथी, पालक और सरसों , सूरन जिमीकन्द, कच्चा पपीता, केला आदि उपलब्ध रहा। उप संचालक कृषि अरूणिमा सेन अयंगर ने बताया कि जैविक हाट में उत्पादों की अच्छी कीमत मिलने से किसानों में उत्साह है और अन्य किसानों में भी जैविक कृषि के प्रति रुचि और बढ़ने लगी है। आने वाले समय में जिले में जैविक खेती का रकबा बढ़ने की पूरी संभावना है। उन्होंने बताया कि जैविक हाट में लोगों की दिलचस्पी सप्ताह दर सप्ताह बढ़ती जा रही है। बढ़ी संख्या में लोग रसायन मुक्त उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं।

### 3 हितग्राहियों को उपचार के लिए 1 लाख रूपये

**कटनी**। मुख्यमंत्री स्वेतच्छादनुदान निधि से जिले के 3 हितग्राहियों को गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 1 लाख रूपये की स्वीदकृति प्रदान की गई है। इसमें कटनी शहर के रामकृष्ण परमहंस वार्ड नंबर 34 के मंगलनगर के जयन्त प्रताप गौतम को उपचार हेतु 50 हजार रूपये की राशि मंजूर की गई है। इसी प्रकार श्रीमती कल्पकना सिंह ठाकुर निवासी ग्राम कुआं को 10 हजार रूपये स्वीकृत किए गए है। जबकि ढीमरखेड़ा तहसील के वार्ड क्रमांक 1 निवासी लक्ष्मण प्रसाद लोधी के गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 40 हजार रूपये स्वीसकृत किए गए है।

# शिवपुरी के वकील की हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे अधिवक्ता

## ज्ञापन लेने कलेक्टर नही पहुंचे तो कलेक्टर के खिलाफ अधिवक्ताओं ने निन्दा प्रस्ताव पारित कर मोची को ज्ञापन सौंपकर खत्म किया चक्काजाम

छतरपुर

मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिलें के करैरा में अधिबक्ता संजय सक्सेना की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में पूरे प्रदेश के साथ साथ छतरपुर जिले में भी जिला मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर तक अधिवक्ता संघ द्वारा उग्र प्रदर्शन किया गया।



कलेक्टर को ज्ञापन देने अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन कलेक्टर ज्ञापन लेने बाहर नहीं निकले तो, अधिवक्ता कलेक्टर को ही ज्ञापन देने की मांग को लेकर अड़ गए और चौबे तिराहे पर जाम लगा दिया। अधिवक्ताओं द्वारा जाम लगाना शहर के नागरिकों के लिए मुसीबत बन गया। दो से तीन घंटे तक आकाशवाड़ी तिराहे पर जाम लगा रहा जिससे स्कूली बच्चों के साथ साथ आम नागरिक और यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित रही। पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को बहाल करने के लिए बिजावर नाके से रूट डायर्वट किया गया लेकिन रूट डायर्वट होने से हर गली चौराहे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई और पूरा शहर कुछ घंटे के लिए जाम हो गया।

जब कलेक्टर ज्ञापन लेने अधिवक्ताओं का चैम्बर से नही निकले तो सभी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह एवं सचिव अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में चौबे तिराहे पर जाम लगाकर कलेक्टर विरोधी नारे लगाने लगे। और कलेक्टर को चौराहे पर ही बुलाने की मांग पर अड़ गए। पुलिस के अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं को खूब समझाया गया लेकिन अधिवक्ता अपनी मांग पर अड़े रहे कि जब तक कलेक्टर चौराहे पर आकर ज्ञापन नहीं लेते तब तक वह वहां से नहीं हटेगे। इसी बीच एक एडवोकेट जिन्होंने अपना नाम राजा प्रजापति बताया बह अपना कोट पेन्ट शर्ट उतारकर चड्ढी बनियान में चौराहे पर लेट गए और प्रशासन विरोधी नारे लगाने लगे। अधिवक्ता राजा प्रजापति का चड्डी बनियान में लेटने का एक बीडियों भी सोशल मीडिया में जमकर बायरल हो रहा है।

अधिवक्ता जिस घटना को लेकर विरोध कर रहें थे और उस घटना का ज्ञापन किसी भी अन्य अधिकारी को नही देना चाहते थे क्योंकि तीन अधिकारी ज्ञापन देने अधिबक्ताओं के पास पहुंचे लेकिन अधिबक्ता कलेक्टर के आने की जिद पर अड़े रहें और सभी अधिकारियों को बापस लौटा दिया यहां तक कि जिला पंचायत सीईओ नम शिवाय अरजरिया को भी अधिबक्ताओं ने ज्ञापन नहीं दिया और उनसे साफ शब्दों में कहा कि कलेक्टर को ही हम ज्ञापन देगे।

प्रशासन की ओर से जिला पंचायत सीईओ नमःशिवाय अरजरिया ने सफाई देते हुए कहा कि आज छतरपुर जिले के बार संघ द्वारा शिवपुरी में हुई एक घटना को लेकर ज्ञापन देने के लिए अधिवक्ता कलेक्ट्रेट परिसर में आए थे। उस समय साप्ताहिक टीएल की मीटिंग चल रही थी। पूर्व में अधिवक्ताओं द्वारा ऐसी कोई सूचना नहीं दी गई थी। जब अधिवक्ताओं के द्वारा यह कहा गया कि हमें सिर्फ कलेक्टर से ही मिलना है तब उन्हें विशिष्ट वर्ग मानते हुए मैं स्वयं वहां पहुंचा। ज्ञापन लेने के लिए प्रतिदिन एक अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाती है लेकिन विशिष्ट समुदाय को देखते हुए मैं वहां स्वयं मौके पर पहुंचा लेकिन मुझे ज्ञापन नहीं दिया गया और फिर अधिवक्ताओं द्वारा जाम लगाया गया। जो लगभग एक से डेढ़ घंटे बाद पब्लिक की सुविधा को देखते हुए यह जाम खोल दिया गया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर झंड़ा बाबा पांचों धाम मंदिर में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

छतरपुर।

ग्राम सहानिया तहसील नौगांव में स्थित झंड़ा बाबा मंदिर चंदेलकालीन करीब 200 साल पुराना मंदिर है। वहां पर करीब 40-45 सालों से दरबार एक सप्ताह में सोमवार, बुधवार और रविवार को रहता।



जिसमें हजारो श्रृद्धालु आते और उनकी मनोकामनाऐं पूर्ण होती है, जहां पर आने मात्र से और वहा से रामजड़ दवाई लेकर खाने से सभी प्रकार की बीमारियां जड़ से खत्म हो जाती है। वहां पर रात्रि रूकने वाले भक्तरगणों के लिए कुआं का शीतल जल, रूकने की व्यवस्था और खाने की व्यवस्था की जाती है। भीड आते देख पुलिस प्रशासन ने भीड को नियंत्रित करने सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद प्रबंध किए थे।

हर वर्ष की तरह झंड़ा बाबा पॉचो धाम स्थान के पुजारी गोविन्दास भगत द्वारा शिवजी और माता गोरा पार्वती की बारात सहानियॉं के समस्त ग्राम वासियो और छरतपुर जिले के और अन्य कई जिलो से श्रृद्धालु आते है और भोलेशंकर की बारात मे घोडा बग्गि और डीजे बाजे के साथ शिव जी की बारात बडे ही धूमधाम से निकाली जाती है।

# सूने घर से दिनदहाड़े लाखों की चोरी

**15 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी सहित 70 हजार नगद ले उड़े चोर**

छतरपुर



जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मेडिकल स्टोर संचालक के ग्राम गंज में स्थित घर में चोरी की बड़ी वारदात हुई है। अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर घर में सेंध लगाई और लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों के साथ करीब 70 हजार रुपये नकद ले उड़े।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार फरियादी नारायण सिंह पिता चार्ली राजा, उम्र 42 वर्ष, निवासी गंज थाना बमीठा, ग्राम गढ़ा में मेडिकल की दुकान चलाते हैं। 15 फरवरी को सुबह करीब 9 बजे वे घर से दुकान के लिए निकल गए थे। उसी दिन बागेश्वर धाम ग्राम गढ़ा में शादी समारोह चल रहा था, जिस कारण दोपहर करीब 12:30 बजे उनकी पत्नी और बच्चे कार्यक्रम में चले गए।

शाम करीब 7 बजे जब पत्नी और बच्चे घर लौटे तो घर का मुख्य ताला टूटा हुआ मिला। अंदर कमरे का ताला भी तोड़ा गया था। अलमारी और बक्सों के ताले टूटे पड़े थे तथा पूरा सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने तुरंत फोन पर पति को सूचना दी। नारायण सिंह दुकान से घर पहुंचे तो पाया कि बक्से में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी गायब थे।

पीड़ित ने बताया कि आभूषणों में सोने के दो हार, सोने की दो चैन, एक सोने का मंगलसूत्र, सोने के कान टॉप एक जोड़ी, दो जोड़ी सोने की झुमकी, सोने की चूड़ियां 4, एक सोने का सिक्का, बड़ी पायल एक जोड़ी, चांदी की छोटी पायल 10 जोड़ी, चांदी की करदोनी एक, चांदी का गिलास दो, चांदी के सिक्के चार व नकदी करीब 70,000 रुपये चोरी गए हैं। उन्होंने बताया कि करीब 15 तोला सोना और लगभग डेढ़ किलो चांदी के आभूषण चोरी गए हैं। फरियादी ने बताया कि कोई अज्ञात चोर ने यह वारदात अंजाम दी है। बमीठा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर अपराध कायम किया गया है और मामला विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# ससुर के कत्ल में दामाद को मिली उम्रकैद, डीएनए रिपोर्ट ने खोली गुनाह की परतें

**छतरपुर। रिश्तों के कत्ल और बदले की आग में अंधे होकर ससुर की बेरहमी से हत्या करने वाले दामाद को कानून ने उसके किए की सजा सुना दी है। छतरपुर के तृतीय अपर जिला न्यायाधीश निवेश कुमार जायसवाल के न्यायालय ने आरोपी दामाद गोलू उर्फ मनीष विश्वकर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, वहीं साक्ष्य छुपाने के आरोपी सुनील गुप्ता को 3 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है।**

यह सनसनीखेज मामला 28 जुलाई 2023 का है, जब विश्वनाथ कॉलोनी निवासी निशांत गौतम ने अपने पिता जगदीश प्रसाद गौतम का लहूलुहान शव घर के बाहर चबूतरे पर पड़ा पाया था। निशांत जब अपने दोस्त के साथ नौगांव से वापस लौटा, तो घर का मंजर देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई थी। घर के अंदर से लेकर बाहर तक खून के निशान चीख-चीख कर किसी बड़ी वारदात की गवाही दे रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की थी।

विवेचना के दौरान पुलिस की सुई मृतक के दामाद गोलू उर्फ मनीष विश्वकर्मा पर जाकर टिकी। पुलिस अभिरक्षा में जब कड़ाई से पूछताछ हुई, तो गोलू ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची गई मौत की पूरी साजिश उगल दी। दरअसल, गोलू को शक था कि उसके ससुर ने ही उसकी पत्नी और बच्ची को कहीं छिपा कर रखा है। इसी शक और रंजिश के चलते उसने अपने दोस्त वीरेंद्र अहिरवार और अमन गुप्ता के साथ मिलकर ससुर पर धारदार हथियार गुप्ती से जानलेवा हमला कर दिया। हत्या के बाद वारदात में इस्तेमाल हथियार को ठिकाने लगाने के लिए अमन के चाचा सुनील गुप्ता की मदद ली गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल से खून से सनी तौलिया, बका और आरोपियों के कपड़े जब्त कर एफएसएल जांच के लिए सागर भेजे थे।

इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में वैज्ञानिक साक्ष्यों ने सबसे बड़ी भूमिका निभाई। निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी द्वारा की गई सटीक विवेचना और लैब से प्राप्त डीएनए रिपोर्ट ने आरोपी दामाद के बचने के सारे रास्ते बंद कर दिए। रिपोर्ट में यह स्पष्ट हो गया कि गोलू की शर्ट पर लगा खून किसी और का नहीं बल्कि मृतक जगदीश गौतम का ही था। मामले की गंभीरता और क्रूरता को देखते हुए जिला स्तरीय समिति ने इसे जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में रखा था। अंततः न्यायालय ने पुख्ता सबूतों के आधार पर दामाद को उम्रभर सलाखों के पीछे रहने का फैसला सुनाया, जो समाज में रिश्तों की मर्यादा और कानून के इकबाल का एक बड़ा उदाहरण बन गया है।

**यह प्रतियोगिता एक पड़ाव है मंजिल अभी दूर हैः नमःशिवाय अरजरिया**

# जिला स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह



छतरपुर।

राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार जिला शिक्षा केन्द्र छतरपुर द्वारा स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1 छतरपुर के सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत नमःशिवाय अरजरिया के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला स्तर पर चयनित कक्षावार एवं विषयवार प्रथम स्थान प्राप्त 32 विद्यार्थियों को ट्रेक शूट, कैप, स्कूल बैग, पानी की बोतल, लंच बॉक्स, ज्योमैट्री बॉक्स, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शी शिक्षकों को भी स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सीईओ जिला पंचायत नमःशिवाय अरजरिया ने उपस्थित छात्रों, अभिभावकों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय ओलम्पियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सभी चयनित बच्चे बधाई के पात्र हैं परंतु यह अभी एक पड़ाव है, जीवन की मंजिल अभी बहुत दूर है, मेरी शुभकामनाएं हैं कि बच्चे इसी प्रकार अपने जीवन में तरक्की हासिल करते हुए परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सहायक संचालक शिक्षा आरपी प्रजापति, एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य संतोष शर्मा, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी एपीसी नीरज खरे, बीएसी संजय चतुर्वेदी, सुनीता प्रजापति, सीएसी रूचि सिहं परिहार, लालबहादुर अहिरवार, लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार, दानबहादुर पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयनारायण खरे ने किया।

# चोरी में सम्मिलित दो अन्य आरोपियों को 10 लाख के आभूषणों सहित पकड़ा



छतरपुर।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत एसबीएन कॉलेज के पीछे चौबे कॉलोनी में फरियादी महेंद्र अरजरिया के मकान से माह अप्रैल वर्ष 2025 में चोरी संबंधी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

पुलिस टीम द्वारा पूर्व में चोरी की घटना में सम्मिलित दो अंतराज्यीय आरोपी जगदीश सोनी निवासी नेशनल चौराहा मौदहा जिला हमीरपुर, वीरेंद्र कुमार अनुरागी निवासी ग्राम गहबरा थाना मौदहा जिला हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया था। जिनके पास से चोरी किए गए सोने चांदी के आभूषण कीमत करीब 4 लाख रुपए बरामद की गई थी। पुलिस टीम द्वारा उक्त चोरी की घटना में सम्मिलित दो अन्य अंतराज्यीय आरोपी इंद्र उर्फ इंदल राजपूत पिता गुलाब राजपूत निवासी ग्राम तिदौली थाना श्रीनगर जिला महोबा, रामबाबू उर्फ बाबू अहिरवार पिता गुटइया अहिरवार निवासी ग्राम बधवा थाना कबरई जिला महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से चोरी किए गए सोने चांदी के आभूषण- हार, चूड़ियां, चूरा, मंगलसूत्र, टॉप्स, छल्ला, कीलें, अंगूठियां, पायल इत्यादि कीमत करीब 10 लाख बरामद की गई। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया गया। अभियुक्त इंद्र उर्फ इंदल राजपूत लूट, गैंगस्टर, बलवा, अवैध हथियार जैसे 9 एवं रामबाबू अहिरवार चोरी, गैंगस्टर, अवैध हथियार, एनडीपीएस जैसे 10 अपराधों में पूर्व से लिप्त हैं।

# पुलिस ने तेज आवाज में बज रहे डीजे किया जब्त

छतरपुर।

*थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत विगत रात्रि गश्त के दौरान करीब 12 बजे बगौता वेयरहाउस मरघट पहाड़ी के पास मोबाइल डीजे कसे, साउंड फिट किए हुए तेज ध्वनि से बजने की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अवैध तरीके से डीजे मशीन बजाते हुए मोडिफाइड बोलेरो वाहन, डीजे साउंड एंड लाइट सिस्टम, जनरेटर इत्यादि जप्त कर आरोपी डीजे ऑपरेटर बृजेश कुशवाहा पिता कल्लू कुशवाहा निवासी लालपुरवा, थाना राजनगर के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता व मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, सहायक उप निरीक्षक गोकुल सिंह मरावी, आरक्षक राम जी, देवी दयाल एवं टीम की भूमिका रही।*

# बकस्वाहा में कार्य का बहिष्कार कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बकस्वाहा**। शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी 2026 को गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में बकस्वाहा तहसील के वकीलों ने सोमवार को न्यायालयीन कार्य से पूर्णतः काम बंद कर विरोध दर्ज कराया। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर की अधिसूचना के समर्थन में अधिवक्ताओं ने विरोध दिवस मनाया और तहसीलदार भरत पांडे को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष ब्रजेश बिल्थरे, उपाध्यक्ष रवि भूषण तिवारी, सचिव रामेश्वर सोनी सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। वकीलों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



छतरपुर।

*शहर के संकट मोचन पहाड़ी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी*

***थाना सिविल लाइन में सोमवार दोपहर करीब 4:30 बजे एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां निवासी सीमा पति संतोष सेन उम्र 30 वर्ष की पत्नी ने घर में अकेले होने पर दुपट्टे से छत पर लगे पाइप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।***

*महिला उस समय घर पर अपने दो छोटे बच्चों के साथ थी। जब बच्चे ट्यूशन पढने के लिए चले गए, तब उन्होंने यह कदम उठाया। घटना की जानकारी सबसे पहले उनकी बड़ी बेटी अंकिता को हुई, जिसने तुरंत पिता संतोष सेन को फोन कर सूचना दी। संतोष अपनी दुकान से फौरन घर पहुंचे, पत्नी को नीचे उतारा और तत्काल जिला अस्पताल ले गए। अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।*

*पति संतोष सेन ने बताया कि मैं दुकान पर था। बेटी के कॉल पर पता चला तो सदमा लगा। शादी को 13 साल हो चुके हैं, हमारे तीन बच्चे हैं। इस दौरान कभी भी हम दोनों के बीच कोई बड़ा विवाद नहीं हुआ। आत्महत्या का कोई कारण समझ नहीं आ रहा है। परिजनों के अनुसार महिला के शव को मॉर्चरी में रख दिया गया है। मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा कर पोस्टमार्टम किया जाएगा, इसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता की हत्या के विरोध में कार्य रहा ठप एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू की मांग

**रीवा।** शिवपुरी जिले में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में सोमवार को रीवा के अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान जिला न्यायालय सहित अन्य न्यायालयों में कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र लागू करने की मांग दोहराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवपुरी में न्यायालय जा रहे अधिवक्ता संजय सक्सेना की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। घटना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला अधिवक्ता संघ के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर विरोध दर्ज कराया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे ने कहा कि प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं पर हमले बढ़ रहे हैं, जिससे अधिवक्ता समुदाय में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। उन्होंने कहा कि शिवपुरी की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कानून की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि पिछले लगभग दस वर्षों से प्रदेश के अधिवक्ता 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' लागू करने की मांग कर रहे हैं। विभिन्न सरकारों द्वारा इस संबंध में कैबिनेट स्तर पर प्रस्ताव पारित किए जाने की बात कही जाती रही है, किंतु आज तक इसे विधायी रूप नहीं दिया गया। अधिवक्ताओं का कहना है कि केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, बल्कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष कानून बनाया जाना आवश्यक है।

### हायर सेकण्डरी की परीक्षा में शामिल हुए 2675 परीक्षार्थी

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं निर्धारित 94 परीक्षा केन्द्रों में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने बताया कि 16 फरवरी को हायर सेकण्डरी में संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में 2675 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा से 65 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा ने परीक्षा केन्द्र शासकीय उमावि मझिगवां, शासकीय उमावि मार्तण्ड क्रमांक दो एवं सरस्वती उमावि निराला नगर का निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित हुईं।

### लंबित छात्रवृत्ति के निराकरण की समीक्षा बैठक 18 फरवरी को

**रीवा ।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की लंबित छात्रवृत्ति और आवास सहायता के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा बैठक 18 फरवरी को शाम 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता करेंगी। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने छात्रवृत्ति और आवास सहायता के प्रकरणों के लंबित रहने के कारण सहित डीन, महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा नोडल अधिकारियों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### नाबालिग से मारपीट करने पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कटनी।** थाना उमरियापान अंतर्गत ग्राम मंगेला (देवरी) में शराब पीने के लिए पैसे न देने पर एक युवक ने नाबालिग के साथ गाली-गलौज करते हुए नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार 14 फरवरी की दोपहर लगभग 12 बजे की है। नाबालिग फरियादी 16 वर्ष ने बताया कि आरोपी सोनू कोल ने उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने गालियां देते हुए उस पर किसी नुकीली वस्तु से वार कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं। जाते-जाते आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

# नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के 6 माह से अधिक के सभी प्रकरण निराकृत करें
## कमिश्नर कलेक्टर निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार राजस्व वसूली करने के निर्देश

रीवा






कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने राजस्व कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण तेजी से किया जा रहा है। नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के सभी प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत करें। किसी भी स्थिति में प्रकरण 6 महीने से अधिक समय तक लंबित न रहे। जो प्रकरण समय सीमा से बाहर हो गए हैं उन्हें शीघ्र सुनवाई करके निराकृत करें। कलेक्टर लोक सेवा गारंटी योजना तथा आरसीएमएस पोर्टल में समय सीमा से बाह्य प्रकरण होने पर संबंधित राजस्व अधिकारियों पर जुर्माने की कार्रवाई करें। बंटवारा का कोई भी प्रकरण तीन माह से अधिक समय से लंबित न रहे। सभी एसडीएम राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करें। बंटवारा तथा सीमांकन के बाद उनका अमल दरामद अनिवार्य रूप से कराएं। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कलेक्टर अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करें। किसी भी स्थिति में आरसीएमएस पोर्टल में प्रकरण दो वर्ष से अधिक समय से लंबित न रहे। कमिश्नर ने कहा कि जिलों में केवल सिंगरौली की राजस्व वसूली संतोषजनक है। कलेक्टर बड़े बकायादारों से कठोरता से वसूली कराएं। धारणाधिकार योजना से जारी पट्टों में राशि जमा न करने वालों को पट्टा निरस्त करने का नोटिस दें। कलेक्टर सीधी, मैहर और मऊगंज राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दें। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए लगातार शिविर लगाएं। इनमें ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी तथा आरएईओ को शामिल करें। फार्मर रजिस्ट्री के शेष किसानों और जमीनों को पोर्टल पर अपडेट करने के लिए विशेष प्रयास करें। हरहाल में 15 मार्च तक शेष बचे लक्ष्य का 70 प्रतिशत हासिल करें। स्वामित्व योजना में सत्यापन की कार्यवाही के बाद पात्र हितग्राहियों को भू स्वामित्व पत्र जारी करें। ई आफिस प्रणाली में रीवा संभाग प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। ई आफिस प्रणाली को सीधी, सतना, सिंगरौली, मैहर और मऊगंज जिले प्रभावी रूप से लागू करें। हर फाइल और पत्र ई आफिस के माध्यम से ही स्वीकार करें। कमिश्नर ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में सभी राजस्व अधिकारियों ने बहुत अच्छा कार्य किया है। सभी एआरओ बीएलओ से प्राप्त फोटो का सत्यापन करें। सीएम हेल्पलाइन में कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेड न रहे। प्रकरण के नॉन अटेंडेड रहने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई करें। सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर ने भू-अर्जन के प्रकरण, आईगॉट ट्रेनिंग तथा कार्यालयों के निरीक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरणों का लगातार निराकरण किया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की संख्या अधिक है। इसमें सभी अधिकारी लगातार प्रकरणों के निराकरण के प्रयास कर रहे हैं। एसआईआर का कार्य अब समाप्त हो गया है। अब राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी। लंबित राजस्व की वसूली के लिए बकायादारों को नोटिस दिया जा रहा है। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, उपायुक्त एलएल अहिरवार, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार शामिल हुए।

## 15 साल की नाबालिग बच्ची चला रही थी पल्सर बाइक, कार की टक्कर से हुई मौत




**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से 15 वर्षीय नाबालिग बालिका की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नाबालिग स्वयं पल्सर बाइक चला रही थी। हादसे के बाद उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना पीटीएस रोड स्थित जेल के पीछे की बताई जा रही है। मृतका की पहचान मऊगंज निवासी अंजलि सोंधिया के रूप में हुई है, जो वर्तमान में अपने परिवार के साथ बाणसागर कॉलोनी में रह रही थी। परिजनों के मुताबिक अंजलि बीते दिवस घर से पल्सर बाइक लेकर निकली थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार आर्टिका कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी अंजलि को वहां से गुजर रहे एक अधिवक्ता ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। संयोगवश अस्पताल के काउंटर पर उसका रिश्ते का भाई ड्यूटी पर मौजूद था। घायल अवस्था और खून से लथपथ होने के कारण वह अपनी ही बहन को पहचान नहीं सका और अज्ञात के रूप में पर्ची काट दी। करीब दो से तीन घंटे बाद जब घायल बालिका की पहचान हुई तो परिजनों के होश उड़ गए। इसके बाद उसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अंजलि की मां सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कार्यरत हैं, जबकि उसके पिता संजय गांधी अस्पताल में वार्ड बॉय के पद पर कार्य करते हैं। परिवार का अस्पताल से गहरा जुड़ाव होने के बावजूद यह दर्दनाक संयोग सबको झकझोर गया। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी एकत्रित की। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 37167 आवेदन पत्र दर्ज अभियान में आमजनों के 24723 आवेदन पत्र मंजूर

**रीवा ।** आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 37167 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 24723 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है। विभिन्न कारणों से 1605 आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 5017, विकासखण्ड रीवा में 9447, विकासखण्ड सिरमौर में 8636, विकासखण्ड गंगेव में 7074, विकासखण्ड त्योंथर में 2971 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 1745 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं। शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 1604, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 92, नगर परिषद चाकघाट में 134, नगर परिषद डभौरा में 91, नगर परिषद त्योंथर में 80, नगर परिषद गुढ़ में 79, नगर परिषद मनगवां 34, नगर परिषद गोविंदगढ़ 31, नगर परिषद सेमरिया 75 तथा नगर परिषद सिरमौर में 57 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है। शिविरों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, नामांतरण, बंटवारा, जमीन के पट्टे, अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई, सड़कों में सुधार, बीपीएल सूची में नाम शामिल करने, खाद्यान्न पर्ची तथा अन्य आवेदन प्राप्त हो रहे हैं।

## मऊगंज में रोजगार मेला 18 को

**मऊगंज।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में गुरू वशिष्ठ आईटीआई मऊगंज में 18 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 10000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में पीजी इलेक्ट्राप्लास्ट लिमि. पुणे, सीआईआई-एमसीसी गुजरात, आमधनी बजाज ऑटो लि.मि. चाकन औरंगाबाद, आमधनी धूत ट्रान्समिशन लिमि. पुणे, डी एण्ड एच सेचरॉन इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार (म.प्र.), प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, सिटी कार प्रा. लि. सतना, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा, एससीएन ग्लोबल प्रा. लि. दिल्ली तथा साई कॉल नेट प्रा. लि. नोयडा उत्तरप्रदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# शहर में जाम से जनजीवन रहा अस्त-व्यस्त, यूजीसी के समर्थन में ओबीसी एसटी एसी एटी का प्रदर्शन

**प्रशासन को दी कुत्तों की संज्ञा, कुत्ते के गले में ज्ञापन डालकर कलेक्ट्रेट में छोड़ा,अपर कलेक्टर, एसडीएम ज्ञापन लेने के लिए करते रहे इंतजार**










**रीवा।** शहर इन दिनों भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है। प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सुबह से लेकर देर शाम तक वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। सोमवार को स्थिति तब और गंभीर हो गई जब यूजीसी के समर्थन में एसटी एसी एटी वर्ग के सैकड़ों लोगों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए मुख्य सड़क पर धरना दे दिया। करीब तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में एंबुलेंस तक फंसी रही।प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने और वंचित वर्गों के हितों की रक्षा के लिए यूजीसी से जुड़े प्रावधान आवश्यक हैं। उनका आरोप था कि कॉलेजियम प्रणाली में एक वर्ग विशेष का वर्चस्व है और इससे सामाजिक न्याय प्रभावित होता है।जब जिला कलेक्टर मौके पर ज्ञापन लेने नहीं पहुंचीं तो प्रदर्शनकारी बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और एडिशनल एसपी मौके पर मौजूद रहे, लेकिन प्रदर्शनकारी कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपने की मांग पर अड़े रहे।कलेक्टर के नहीं आने पर आवारा कुत्ते को पहनाई ज्ञापन की मालाप्रदर्शन के दौरान उस समय विवाद की स्थिति बन गई जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जताते हुए एक आवारा कुत्ते के गले में ज्ञापन की माला डालकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया। इस घटनाक्रम ने पूरे मामले को और चर्चा में ला दिया। प्रशासन ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। हमारी पीढ़ी न झेले जातिवाद का दंशप्रदर्शनकारियों का कहना था कि पूर्व में कई छात्रों को जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा है। उनका आरोप है कि सामाजिक समानता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत नियामक व्यवस्था जरूरी है। बसपा नेता अभिषेक पटेल ने कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।तीन घंटे तक पूरा शहर रहा जाम, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था रही फेल धरना-प्रदर्शन के कारण कलेक्ट्रेट मार्ग पर लगभग तीन घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। शहर के चौराहटा बाईपास, बड़ी पुल, स्टैच्यू चौराहा से वेंकट रोड तक भी लगातार जाम की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शाम के समय रोजाना जाम लगता है और ट्रैफिक पुलिस की उपस्थिति नगण्य रहती है।ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या को भी जाम का एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि इन पर नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है।

# महाशिवरात्रि पर शिव नगरी देवतालाब में उमड़ा आस्था का सैलाब

मऊगंज



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रसिद्ध शिव धाम देवतालाब सहित जिले भर के शिवालयों में भगवान आशुतोष की विशेष पूजा अर्चना और जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवालयों में बोल बम, हर हर महादेव का, जय घोष गूंज उठा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव नगरी देवतालाब में भोर से ही भक्तों की लंबी कतारे लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान सोमनाथ को जलाभिषेक पूजा अर्चना कर घर परिवार क्षेत्र के सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया।महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालय घड़ी घंट घड़ियाल के करतल ध्वनि एवं हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। पवित्र मौके पर आलम यह रहा कि शिवभक्तों का जत्था ब्रह्म मुहूर्त में ही विंध्य के ऐतिहासिक भगवान सोमनाथ की नगरी शिव धाम देवतालाब जैसे प्रमुख शिवालयों में अंचल सहित दूसरे राज्यों से जलाभिषेक करने पहुंचे। जहां भोर से ही उमड़ी श्रद्धा की भीड़ के बीच बच्चे बूढ़े जवान महिला पुरुष कतार बद्ध होकर बम बम भोले हर हर महादेव की उद्घोष करते हुए भगवान महादेव की एक झलक पाने को आतुर दिखे, वही जलाभिषेक उपरांत शिवलिंग पर भांग घतूरा गांजा बेलपत्र व माला फूल चढ़ाने के साथ ही गन्ने का रस दूध व गंगा जल चढ़ाकर गांव क्षेत्र एवं राष्ट्र सहित अपने व अपने परिवार की खुशहाली की कामना किए। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवान नीलकंठ के दर्शन पूजन का दौर सुबह से चला तो अनवरत चलता रहा। ऐसे में शिव मंदिर देवतालाब श्रद्धालुओं से गुलजार रहा।

**भक्ति रस में डूबे शिव भक्त**

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर एक ओर जहां भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए अपनी बारी आने की प्रतीक्षा में कतारबद्ध होकर हर-हर महादेव के जयकारे के साथ भाव विभोर रहे, वही पूजन अर्चन उपरांत मंदिर परिसर में कुछ भक्तों ने अपने बच्चों का मुंडन कर्ण छेदन जैसे संस्कार कराया। भगवान भोलेनाथ के धाम में आयोजित कार्यक्रम में महिलाएं भोलेदानी सोहर जैसे प्रसिद्ध गीत प्रस्तुत करते देखी गई जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। पावन पुनीत अवसर पर भगवान भोलेनाथ की नगरी शिव धाम देवतालाब के अलावा फुलवारी मंदिर एवं पंच मंदिर किला परिसर नईगढ़ी हरिहर धाम एवं मां राजराजेश्वरी मंदिर रामपुर हाटेश्वर धाम हाटा हनुमना, गणेश धाम बरांव, दुविया धाम अड़गड़नाथ भोलेनाथ मंदिर मूड़ा सोहागी, चतुर्भुज भगवान मंदिर मऊगंज, अष्टभुजा धाम माता मंदिर नईगढ़ी, महालोक धाम महादेवन मंदिर देवरा, सहित अंचल के सभी देवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार देखी गई जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया वहीं जगह-जगह अखंड मानस का पाठ कर भंडारे के रूप में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसी तरह शिव भक्तों ने अपने-अपने घरों एवं देवालयों में विशेष पूजा अर्चना कर महाप्रसाद वितरण किया।*शिव धाम में विशेष महाप्रसाद का हुआ वितरण*भगवान भोलेनाथ की नगरी देवतालाब मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भगवान सोमनाथ की पूजा अर्चना उपरांत लगाए गए भोग के बाद विशेष महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद वितरण में जहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम सम्मिलित हुए वहीं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने महाप्रसाद वितरण में सहयोग प्रदान किया। इस दौरान हजारों की संख्या में भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# संकल्प से समाधान अभियान के आवेदनों का करें निराकरण - कलेक्टर

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। डॉ. सोनवणे ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। विकासखण्ड स्तर और ग्राम स्तर के अधिकारियों को हर सप्ताह आवेदनों के निराकरण का लक्ष्य दें। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग, पीएचई, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग आवेदन पत्रों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन में कोई भी विभाग डी श्रेणी में रहा तो कार्रवाई की जाएगी। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना के लिए तेजी से तैयारी की जा रही है। यह जनगणना पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी। डेटा संकलन करने के लिए मोबाइल ऐप और पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। जनगणना में तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी ठीक से प्रशिक्षण लेकर पूरी जिम्मेदारी के साथ जनगणना का कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के दौरान हर पात्र हितग्राही से आवेदन पत्र का निराकरण करें। आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए विकासखण्ड स्तर और क्लस्टर स्तर पर शिविरों का लगातार आयोजन करें। सभी जिला अधिकारी संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त विभाग से संबंधित आवेदन पत्रों के निराकरण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। सभी अधिकारी समाधान एक दिन तथा लोकसेवा गारंटी योजना के आवेदनों का तय समय सीमा में निराकरण करें। प्रकरणों के समय सीमा से बाहर होने पर जुर्माने की कार्रवाई करें। सभी अधिकारी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर भी तत्परता से कार्यवाही करें। एजेण्डा बिन्दुओं में की गई कार्यवाही लगातार अपडेट करते रहें। कलेक्टर ने कहा कि धरती आबा योजना में शामिल सभी गांवों के हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जा चुका है। इनके घरों में जलजीवन मिशन से नल कनेक्शन तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से घरेलू गैस के कनेक्श दें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी हितग्राहियों का एक सप्ताह में आयुष्मान कार्ड बनवाएं। अधीक्षण यंत्री ऊर्जा इन हितग्राहियों के घरों में बिजली के कनेक्शन की व्यवस्था करें। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग विभिन्न विभागों से समन्वय बनाकर हर पात्र हितग्राही को धरती आबा योजना से लाभान्वित कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गर्भवती महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा एवं कुपोषण पर नियंत्रण के प्रयास करें। सभी तहसीलदार लगातार शिविर लगाकर किसानों की शेष बची फार्मर रजिस्ट्री के लिए ई केवाईसी अपडेट कराएं जिससे इन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके। स्वामित्व योजना के लंबित प्रकरणों का भी निराकरण करें। सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत करें। प्रकरणों के समय सीमा से बाहर होने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, गेंहू उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन तथा पेयजल व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, डिप्टी कलेक्टर सुरभि अग्रवाल, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।